मिलावटी वस्तुओं का प्रयोग रोकने के लिए पहुंची यात्रा

08 Jan 2019 12:44 PM (IST)

मिलावटी वस्तुओं का इस्तेमाल रोकने के लिए निकाली जा रही स्वस्थ भारत यात्रा जिले में आ गई।

शाहजहांपुर : मिलावटी वस्तुओं का इस्तेमाल रोकने के लिए निकाली जा रही स्वस्थ भारत यात्रा जिले में पहुंच गई है। यात्रा में शामिल 25 सदस्यीय दल का शहर में प्रवेश होते ही सेहरामऊ दक्षिणी में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने फूलमालाओं से स्वागत किया। यहां ग्रामीणों को जागरूक भी किया गया। इस दौरान शाहजहांपुर व हरदोई जनपद के खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

महात्मा गांधी की डांडी मार्च की तर्ज पर देश भर में डांडी से हांडी तक (स्वस्थ भारत यात्रा) निकाली जा रही है। सोमवार दोपहर को यात्रा टिसुआ, हरदोई होते हुए जिले में पहुंची। सेहरामऊ दक्षिणी में आयोजित कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग के मंडलीय अधिकारी भी शामिल हुए। सहायक आयुक्त संजय पांडेय, खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण के सहायक निदेशक प्रभात कुमार मिश्र, अभिहीत अधिकारी चंद्रशेखर मिश्र ने ग्रामीणों को बताया कि मिलावटी वस्तुओं के लगातार सेवन करने से लोगों का स्वास्थ्य खराब हो जाता है। उन्होंने लोगों को खुद भी इसकी जांच करने के उपाय बताये। खाद्य सुरक्षा विभाग ने यात्रा को सफल बनाने के लिए आठ जनवरी को निकलने वाली प्रभात फेरी में स्कूली बच्चों को भी शामिल किया है। आठ जनवरी को ही शहर के तीन प्रमुख स्थानों पर मोबाइल लैब को भी घुमाया जाएगा तो लोग अपने-अपने पदार्थों की जांच करा सके।